हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री



12 शिक्षा ही मानव जीवन का आधार है : सार्वा



13 स्वस्थ होकर महाप्रभु ने खोली आंखें, 20 फीट ऊंचे रथ में ...

## खबर संक्षेप

### मड़ाईभाठा में आज रथयात्रा मेला महोत्सव



**कोर्रा(भखारा)।** इस वर्ष भी ग्राम मड़ाईभाठा में श्री रामजानकी मंदिर समिति के तत्वावधान में आज रथयात्रा पर्व का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि मड़ाईभाठा में कई वर्षों से रथयात्रा निकाली जा रही है। ग्राम में रामजानकी मंदिर, भगवान जगन्नाथ मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर है। रथयात्रा पर्व के साथ भव्य मेला का आयोजन भी किया गया है। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा रथ में सवार होकर शाम 4 बजे श्री रामजानकी मंदिर से मेला स्थल होते ग्राम भ्रमण पर निकलेंगे। श्रद्धालुओं को गजामूंग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी पुजारी शिवेन्द्र पाठक ने दी है।

### पर्यावरण बचाने साइकिल यात्रा 5 व 6 जुलाई को

**धमतरी।** पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत साइकिल यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। इस यात्रा में जिले के लगभग 150 युवाओं द्वारा साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। साइकिल यात्रा 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे मां विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, अर्जुनी चौक, संबलपुर, जरही माता मंदिर सांकरा, छाती, डांडेसरा,कुरुद, उमरदा, गाड़ाडीह होकर मेघा पहुचेगी जहां रात्रि विश्राम रहेगा। साइकिल यात्रा 6 जुलाई की सुबह 8 बजे मेघा से प्रस्थान करेगी जो परसवानी, भरदा, मगरलोड, भैंसमुंडी, लुगे, छिपली, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पाहंदा, भोथा, बोरसी, साल्हेभाट, छुही, सलोनी, भंवरमरा, लीलर, पथर्रीडीह होते हुए दोपहर 3 बजे कुकरेल पहुंचेगी, जहां पर सभा पश्चात यात्रा का समापन होगा। यह यात्रा लगभग 75 किमी की होगी जो 2 दिनों में तय की जाएगी। यात्रा के पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 30 जून है। तैयारी में भेदूप्रसाद साहू, पीताम्बर सिन्हा एवं राकेश कुमार साहू जुटे हैं।

### मेहत्तर राम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने

**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक शाला भखारा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मेहत्तर राम साहू को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।



बीरेंद्र साहू सेनि शिक्षक, हेमंत साहू शिक्षक, विक्रम साहू, भोजराज देवांगन कंप्यूटर ऑपरेटर, कुलदीप गौर, चंद्रप्रकाश सोनवानी, चंद्रहास सोनवानी, थानुराम गायकवाड़ पार्षद, थानेश्वर साहू, युगल साहू, बुधंतीन बाई, उषा साहू प्रधानपाठक, अमजद खान शिक्षक, रूद्र गोस्वामी, मिकेश साहू, शम्भू साहू, गायत्री, मनोज साहू, राजू, दिलीप साहू ने हर्ष जताया है।

---

डीएपी की रेक पहुंचने से राहत, सीमित मात्रा में ही सही पर मिल रही खाद

# किसानों की चिंता हुई दूर, समितियों से मिलने लगी मनपसंद खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डीएपी की भारी किल्लत के बीच सहकारी समितियों के लिए डीएपी की एक रेक पहुंची है। डीएपी की किल्लत तो फिलहाल कम हो गई है लेकिन कमी अभी भी बरकरार है। किसानों को सीमित मात्रा में डीएपी खाद दी जा रही है। इसके बाद फिर से रेक लगने का इंतजार किया जा रहा है ताकि किसानों की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

पिछले एक माह से डीएपी खाद की किल्लत चल रही थी। सहकारी समितियों में डीएपी खाद का स्टाक सीमित मात्रा मेंपहुंचा था। इस खाद को किसानों को बांटने के बाद समितियों में खाद का स्टाक पहुंचने का इंतजार किया जा रहा था। लंबे समय तक किसानों के पास यह खाद नहीं पहुंची। मजबूरी में डीएपी के विकल्प के रूप में किसानों को सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके खाद थमाई जा रही थी। एनपीके एक संतुलित खाद है लेकिन यह डीएपी से काफी महंगी है, जिसके चलते किसानों पर आर्थिक भार पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग, मार्कफेड द्वारा लगातार डीएपी खाद की डिमांड की जा रही थी। अब जाकर जिले में डीएपी खाद का स्टाक पहुंचा है। एक दो समितियों को छोड़कर लगभग सभी समितियों में खाद का स्टाक पहुंच गया है। समितियों में किसानों को इस खाद का वितरण भी शुरू कर दिया गया है। स्टाक कम होने के कारण किसानों को अभी सीमित मात्रा में ही डीएपी दी जा रही है। जानकारी के अनुसार खेतों में पहली खाद छिड़कने के लिए किसानों को डीएपी उपलब्ध कराई जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही डीएपी की दूसरी रेक भी पहुंच जाएगी। इसके बाद किसानों को दूसरी बार खाद छिड़काव के लिए डीएपी दी जाएगी।

### यह है स्थिति

इस साल जिले के सरकारी गोदामों में 3154 टन डीएपी खाद का स्टोर किया गया था। इसमें से 2855 टन खाद समितियों में भेजी जा चुकी है। समितियों से वितरण लगातार जारी है। डबल लॉक गोदामों में 299 टन डीएपी अभी भी बची है। यूरिया सहित अन्य खाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग ने इस साल 14720 टन यूरिया खाद वितरण का लक्ष्य रखा था। इसके विरूद्ध 8672 टन यूरिया का भंडारण किया जा चुका है। 7101 टन खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है। सिंगल सुपर फास्फेट 3702 टन भंडारित किया गया है। इसमें से 2634 टन वितरित किया जा चुका है। एनपीके 3046 टन भंडारित किया गया है। 3022 टन वितरित किया गया है। पोटाश 1008 भंडारित और 820 वितरित किया गया है।



### कालाबाजारी अब भी जारी

सहकारी समितियों में डीएपी उपलब्ध होने के बाद भी खाद की कालाबाजारी जारी है। डीएपी सीमित मात्रा में उपलब्ध है, जिसका लाभ उठाकर कृषि केंद्र संचालक किसानों को महंगे दाम में डीएपी थमा रहे हैं। जानकारी के अनुसार समितियों में डीएपी का मूल्य 1350 रुपए निर्धारित है। यह खाद कृषि केंद्रों में 1700 रुपए तक बिक रही है। कुछ कृषि केंद्रों में मूल्य कम है। इन स्थानों पर किसानों को लादन थमाया जा रहा है। यूरिया, पोटाश जैसी खाद को भी महंगे दाम में बेचा जा रहा है।

---

जल संसाधन विभाग रूद्री बांध में हैं पदस्थ

## चौकीदार ने चाकू से खुद का गला काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जल संसाधन विभाग में पदस्थ चौकीदार ने चाकू से अपना गला रेत लिया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार श्यामलाल माली पिता केसदु उम्र 41 वर्ष मूल रूप से जगदलपुर का रहने वाला है। वर्तमान में वह सिंचाई कालोनी रूद्री में निवासरत हैं। युवक जल संसाधन विभाग कक्ष क्र. 02 रूद्री डेम में चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं।

बुधवार की देर रात्रि श्यामलाल गला में जख्म के साथ खून से लथपथ हालत में रूद्री थाना पहुंचा। युवक की हालत देख पुलिस भी सकते में आ गई। घायल युवक को पड़ोसियों की मदद से उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल चौकीदार को वार्ड में भर्ती किया गया है।

घटना के संबंध में पड़ोसियों से भी किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पाई। हमले की आशंका के चलते पुलिस ने उसके कार्यालय में जाकर सीसीटीवी कैमरा चेक किया। जिसमें चौकीदार आफिस में ताला लगाकर घायल हालत में अकेला निकलता दिखा। उसके आगे पीछे किसी के निकलने की कैमरा में कोई फुटेज नहीं मिली। घटना के संबंध में बात करने पर घायल पुलिस को कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पाया। युवक के संबंध में आसपास से कुछ जानकारी मिलने पर गुरुवार को उसे जिला अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक को दिखाया गया। जहां काउंसिलिंग में पता चला कि युवक सिजोफेमिया मतिभ्रम से पीड़ित है। जिसके कारण युवक ने खुद ही अपना गला चाकू से काटा है। बहरहाल घायल को वार्ड में भर्ती कर उसके परिजनों के जगदलपुर से आने के बाद आगे का उपचार किया जाएगा।



### सिजोफेमिया से पीड़ित है युवक

मनोरोग चिकित्सक डा. रचना पदमवार ने बताया कि सिजोफेमिया या मतिभ्रम होने का एक कारण नशा भी है। युवक नशा करता है। सिजोफेमिया में पीड़ित को नींद न आना, डरावनी आवाज सुनाई देती रहती है जिसके चलते इस तरह के कदम उठा सकते हैं। युवक की काउंसिलिंग के बाद मेडिसीन देकर उपचार किया जा रहा है।

### 17 साल से कर रहा है नौकरी

काउंसिलिंग के दौरान घायल ने बताया कि उसके पिता डेम में पदस्थ थे। उनके निधन के बाद 2008 में अनुकम्पा पर उसकी नियुक्ति सिंचाई विभाग रूद्री में हुई है। वह 17 साल से नौकरी कर रहा है। सिंचाई कॉलोनी में अकेला रहता है। उसका परिवार जगदलपुर में निवासरत है। अविवाहित होने के कारण सिंचाई कालोनी के क्वाटर में अकेला रहता है। बुधवार की रात्रि आफिस से चाकू लाने घर गया था। घर से चाकू लाकर अपना गला काट लिया। बहरहाल रूद्री पुलिस जांच कर रही है।

---

## वर्षा काल का पहला महीना 40 फीसदी से कम बारिश

- मगरलोड तहसील में सूखे के हालात, 26 दिन में 32 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानसून के इस साल जल्द आने के बाद भी जिला बारिश में पिछड़ा हुआ है। 1 जून से 26 जून तक का रिकार्ड देखें तो औसत वर्षा के मुकाबले मात्र 40 प्रतिशत बारिश हो पाई है। रविवार-सोमवार की रात भखारा में 41 मिमी, धमतरी में 24 मिमी बारिश दर्ज की गई है जबकि जिले की 5 अन्य तहसील में 10 मिमी के आसपास बारिश हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की रात धमतरी तहसील में 24.3 मिमी, कुरूद में 9.3 मिमी, मगरलोड में 6.3 मिमी, नगरी में 7.9 मिमी, भखारा में 41 मिमी, कुकरेल में 12 मिमी तथा बेलरगांव में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। 1 जून से 26 जून तक जिले में 64.1 मिमी औसत बारिश हुई है। जबकि 10 वर्षों की औसत वर्षा के मुताबिक 163.5 मिमी बारिश का रिकार्ड है। जिले में औसत वर्षा के मुकाबले 39.3 प्रतिशत बारिश हो पाई है।



### सबसे अधिक धमतरी, सबसे कम मगरलोड में बारिश

वर्षाकाल शुरू हुए 26 दिन बीत गए हैं। अब तक सबसे अधिक बारिश धमतरी तहसील में दर्ज की गई है। धमतरी में 91.5 मिमी, भखारा में 89.7 मिमी, नगरी में 81 मिमी, बेलरगांव में 58.5 मिमी, कुकरेल में 55 मिमी, कुरूद में 40.9 मिमी तथा मगरलोड में सबसे कम 32.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। औसत वर्षा के मुकाबले धमतरी में 52.2 प्रतिशत, कुरूद में 23.7 प्रतिशत, मगरलोड में 18.79 प्रतिशत, नगरी में 48.6 प्रतिशत, भखारा में 59.6 प्रतिशत, कुकरेल में 36.8 प्रतिशत, बेलरगांव में 37 प्रतिशत औसत वर्षा हो पाई है।

### जिले की वार्षिक सामान्य वर्षा 1352.4 मिमी

धमतरी जिले में औसत सामान्य वर्षा का आंकड़ा 1352.4 मिमी है। तहसीलवार सामान्य वर्षा में धमतरी 1436.4, कुरूद 1382.2, मगरलोड 1372.6, नगरी 1298.8, भखारा 1382.2, कुकरेल 1298.8, बेलरगांव में 1295.7 मिमी वार्षिक औसत वर्षा का रिकार्ड है।

### बारिश के लिए मौसम अनुकूल

प्रदेश में बारिश के लिए मौसम अनुकूल है। आगामी 6 दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों में वर्षा होगी। एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी और उड़ीसा और पश्चिम बंगाल ने समीपवर्तीय तटीय क्षेत्रों पर निम्न दबाव का क्षेत्र, समुद्र तल से 7.6 मिमी ऊपर फैले चक्रवाती परिसंचरण के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। इसके उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। उत्तर पूर्व अरब सागर से लेकर चक्रवाती परिसंचरण तक बंगाल की खाड़ी, दक्षिण गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए उड़ीसा, बंगाल के तटीय क्षेत्रों पर बने निम्न दबाव वाले क्षेत्र से जुड़ा द्रोणिका तक बनी हुई है। पूर्वोत्तर मध्यप्रदेश के ऊपर समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर उत्तरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघ गर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है।

---

## पुलिस ने बदमाश भूरी को सामाजिक गुंडा घोषित किया

- दर्जन भर बदमाशों की खोली गई निगरानी फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले बदमाश भूरी को पुलिस ने सामाजिक गुंडा घोषित किया है। वहीं इस वर्ष पुलिस द्वारा दर्जन भर बदमाशों की निगरानी फाइल खोली गई है।

कुख्यात बदमाश रवि नायक उर्फ भूरी पिता सुदेश नायक उम्र 22 वर्ष इतवारी बाजारी के पास पोस्ट आफिस वार्ड निवासी को पुलिस अधीक्षक ने छत्तीसगढ़ पुलिस रेगुलेशन पैरा क्रमांक 656 अंतर्गत सामाजिक गुंडा घोषित किया है।



बदमाश रवि उर्फ भूरी वर्ष 2018 से लगातार गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। सिटी कोतवाली में अब तक उक्त बदमाश के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, चाकूबाजी, मारपीट, गाली-गलौज व आर्म्स एक्ट सहित कुल 4 गंभीर आपराधिक प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत 1 प्रकरण दर्ज है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में अब तक कुल 8 सामाजिक गुंडा एवं 4 निगरानी बदमाश कुल 12 अपराधियों की निगरानी फाइल खोली जा चुकी है, जिससे जिले में आपराधिक गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण स्थापित किया गया है।

### बदमाश के खिलाफ दर्ज मामले

बदमाश रवि नायक उर्फ भूरी के खिलाफ थाने में धारा 302, 201 भादवि, आर्म्स एक्ट 25, 27, 294, 323, 506, 34, 324, 307 भादवि व प्रतिबंधात्मक धारा 151, 107, 116(3) द.प्र.सं. के तहत अपराध दर्ज है। सिटी कोतवाली की रिपोर्ट के अनुसार रवि नायक उर्फ भूरी के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बावजूद उसके आपराधिक आचरण में कोई सुधार नहीं आया है। भविष्य में सुधार की संभावना भी नहीं दिख रही है।

### पौधारोपण अभियान आज

**धमतरी।** जिले में 27 जून को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही जुलाई महीने में भी हर शनिवार को ग्राम पंचायतों और प्राथमिक सहकारी साख समितियों के परिसरों में पौधरोपण का काम चलता रहेगा। इस अभियान के लिए अपेक्षित संख्या में पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी को दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम सहकारिता से बेहतर दुनिया का निर्माण निर्धारित किया गया है। इसे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ते हुए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृहद पौधरोपण किया जाएगा। 27 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य 34 ग्राम पंचायतों में भी पौधरोपण किया जाएगा।

---

वाहनों को क्षतिग्रस्त कर मवेशियों को किया घायल

## आधी रात को कार ने सदर मार्ग में मचाया आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक सफेद रंग की कार सदर मार्ग में जमकर उत्पात मचाते हुए खड़ी अन्य कारों को ठोकर मार मवेशियों को घायल कर फरार हो गई।

नेशनल हाइवे हो या सदर मार्ग, कार चालक व बाइकर्स द्वारा देर रात्रि स्टंटबाजी व उत्पात मचाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ दिन पहले एक काले रंग की कार के चालक ने बिलाईमाता मंदिर के पास उत्पात मचाया था। वहीं दो दिन पूर्व स्पोटर्स बाइक सवार युवकों ने चलती बस को रोकने का प्रयास किया था। इसके बाद तीसरी घटना शहर के सदर मार्ग में कार चालक द्वारा उत्पात मचाने की आई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

बुधवार की देर रात्रि तेज रफ्तार एक सफेद रंग की कार को देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। अनियंत्रित कार ने सदर मार्ग में खड़ी अन्य कारों को ठोकर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं वाहनों के टक्कर मारने के बाद मवेशियों को भी ठोकर मार घायल कर दिया। घटना को देख आसपास के लोगों ने कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चालक अपनी कार सहित वहां से भाग निकला। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश में जुट गई है। घटना में 4 से 5 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। बताया जा रहा है कि कार चालक नशे में धुत था।



### कार की हुई पहचान

इस संबंध में एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने मीडिया को बताया कि बुधवार की रात्रि सदर मार्ग में कार चालक द्वारा कुछ वाहनों को ठोकर मार क्षतिग्रस्त करने की सूचना मिली। उक्त कार का नंबर मिल गया है जिसके जरिए कार चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री नि:शुल्क
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## नवागांव सांकरा में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

# शिक्षा ही मानव जीवन का आधार है : सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन पीएमश्री स्कूल प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला नवागांव सांकरा में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी थे। अध्यक्षता महेश गोटा अध्यक्ष जपं नगरी ने की। विशिष्ट अतिथि पिंकी शाह पूर्व विधायक, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नपं नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, राजेशनाथ गोसाई, सरपंच नगीना सोम, उपसरपंच कमलेश मरकाम, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम कश्यप व निमेश्वरी पुजारी अध्यक्ष पीएमश्री स्कूल नवागांव सांकरा रहे।

इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू ने प्रतिवेदन का वाचन किया । जनपद सदस्य, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने शिक्षकों से बच्चों गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक श्री मरकाम ने अपने विद्यार्थीकाल में किन कठिनाइयों का सामना कर शिक्षा प्राप्त की है, उसका जिक्र किया। श्रीमती शाह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी पालकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजने कहा।

मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन का आधार है। शिक्षा से हम जीवन जीने के सही तरीके को जान सकते हैं। शिक्षा से अपने परिवार व अपने समाज की उन्नति कर सकते हैं। आभार प्रदर्शन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रकाश साहू ने किया।

## कोलियारी-खरेंगा मार्ग खराब कीचड़ में फंस रहे वाहन



**धमतरी**। सोमवार को हुई बारिश से कोलियारी-खरेंगा निर्माणाधीन मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया। कीचड़ में फंसने से वाहनों का आवागमन रूक गया। कई दोपहिया वाहन सवार हताश होकर अपने बाइक को वहीं पर छोड़कर चले गए जिसे ट्रेक्टर या अन्य वाहन से घर पर लाया गया। बारिश की वजह से 32 किमी सड़क दलदल में तब्दील हो गई। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कीचड़ में मुरूम डालकर वैकल्पिक मार्ग बनाने एवं 32 किमी सड़क का जीर्णोद्धार जल्दी कराने की मांग जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से की है। क्षेत्र की जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू ने तत्काल मुरूम डलवाने की मांग करते हुए निर्माण कार्य जल्दी कम्पलीट कराने कहा।

■ 32 किमी निर्माणाधीन सड़क का काम जल्द कराया जाए : गीतेश्वरी

## चिंवरी में श्रद्धांजलि योजना की राशि दी गई



**सिर्री**। ग्राम पंचायत चिंवरी निवासी स्व. राजू भट्ट के परिवार को श्रद्धांजलि योजना के तहत 2 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। मौके पर सरपंच संजीत साहू, उपसरपंच भोलाराम साहू, हीरा बाई, प्रमिला बाई, सुशीला बाई, मोतीराम, ममताबाई, अशोक कुमार, मेनका बाई, गगनदीप, सीमा बाई, चंद्रिका बाई, बिन्दुबाई, संजय कुमार, अनीता बाई, देवबती बाई, रामदेव, नंदनी, गोवर्धन साहू, देवेंद्र कुमार, संतोष वर्मा , उपेंद्र साहू, पुनारद साहू समेत अन्य ग्रामीण थे।

## अग्निवीर भर्ती के लिए छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



अग्निवीर भर्ती के माध्यम से सेना में जाने के लिए प्रेरित करते हुए बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के सहयोग से आयोजित थी। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य विनोद कुमार पाठक ने कहा कि अग्निवीर योजना के माध्यम से युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का अवसर मिलता है। करियर की दृष्टि से यह काफी महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में भोपाल से आए जूनियर वारंट आफिसर सुशांत सिंह, सार्जेंट टीएस राणा ने अग्निवीर वायुसेना में भर्ती के संबंध में पूरी जानकारी दी। इसमें फार्म भरने से लेकर फिजिकल तक सभी जानकारी शामिल थी।

शारीरिक मापदंड और योग्यता के बारे में विस्तार से बताया और छात्र-छात्राओं को अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम ने किया।

कार्यक्रम में कंडेल कालेज के प्रोफेसर कमलेश कुमार दीवान, बीसीएस कॉलेज से डा. हेमवती ठाकुर, प्रो.कुजूर, डा.चंद्रिका साहू, प्रो. अमित कुमार, प्रो. एनएल देसरी, प्रो.गोविंद कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दी संस्कार की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



शासकीय माध्यमिक, प्राथमिक शाला कुर्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। अतिथि श्रीमती खिलेश्वरी किरण पूर्व सदस्य छग महिला आयोग एवं पूर्व सदस्य जिपं धमतरी, पीतेश टंडन सरपंच कुर्रा, परमेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष कृषि साख समिति कुर्रा, खम्हनराम साहू पूर्व सरपंच, हेमूराम यादव, हेमंत साहू, चुम्मन साहू थे।

श्रीमती किरण ने प्राचीन भारतीय संस्कृति व संस्कार से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को मीठा खिलाकर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने गणवेश और पाठ्यपुस्तक का वितरण किया।

संकुल समन्वयक व माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रपा लोकेश पाण्डेय ने पालकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन तरुण साहू शिक्षक ने किया।

मौके पर शिक्षिका श्रीमती चंपी साहू, चंद्रिका देवांगन, जामुन मंडावी उपस्थित रहीं। आभार व्यक्त दुर्गेश्वरी साहू प्रपा प्राथमिक शाला कुर्रा ने किया।

सिलौटी स्कूल में गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने किया योग

## योग हमारे देश की समृद्ध व सांस्कृतिक विरासत : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण सिलौटी में हायर सेकेण्डरी स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक शाला के छात्र छात्राओं, शिक्षकों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग सत्र का आरंभ प्राचार्य बी. पदमा राजेश ने किया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के छात्र रमन साहू ने योग आसन एवं प्राणायाम के फायदे बताते हुए पहले शिथिलीकरण उसके बाद प्राणायाम सिखाया। ओंकार गुंजन और शांतिपाठ के साथ योग का समापन हुआ। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि योग हमारे देश की समृद्ध व सांस्कृतिक विरासत है। योग को सभी देशों ने स्वीकार किया है। योग आध्यात्मिक अनुशासन है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य का कार्य करता है। उन्होंने छात्रों से योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि व शिक्षक शिक्षिकाएं समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कठौली में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत कठौली में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके छायाचित्र पर पुष्पहार चढ़ाकर उन्हें स्मरण किया गया। मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच खेमराज साहू, मंत्री भाजयुमो सिर्री मंडल सागर साहू, उपसरपंच फगनी बाई निषाद व पंचगण सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य ही मनुष्य की अमूल्य निधि है : भावना

■ योग दिवस पर ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र नगरी में योगाभ्यास किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



योग दिवस पर ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र नगरी में योगाभ्यास किया गया। राजयोगिनी बीके भावना तथा योग प्रशिक्षक राजेश तिवारी, राजा पवार पार्षद तथा संस्था के सदस्यों व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अतिथियों का सम्मान शिवांगी ने किया।

श्री तिवारी ने सभी को योग, प्राणायाम का अभ्यास कराया। राजयोगिनी बीके भावना ने कहा कि मनुष्य के लिए स्वास्थ्य उसकी अमूल्य निधि है। उसे संभालने में कोई भी कसर नहीं छोड़नी चाहिए। मनुष्य अपने कृत्यों से पृथ्वी को दूषित कर रहा है जिसका सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। आज के परिवेश में हवा से लेकर खाने-पीने की वस्तुएं दूषित हो गई हैं जिससे मनुष्य को गंभीर बीमारियां जकड़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग एक मात्र विकल्प है जिसे हम अपनी जीवन शैली में अपनाकर अपने आपको स्वस्थ रख सकते हैं। शारीरिक योग व आसन के साथ-साथ हमें मानसिक रूप से भी सशक्त होना होगा वह केवल मेडिटेशन से ही संभव है। नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाना अति आवश्यक है।

श्रीमती चेलेश्वरी साहू ने कहा कि सुबह शाम नित्य योग करेंगे तो रोग कभी निकट नहीं आएगा। योग को अपने जीवन शैली में अपनाना बेहद जरूरी है। योग प्रशिक्षक राजेश तिवारी जी ने कहा कि योग का अर्थ विस्तृत है। योग अष्टांग होता है। नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, मोक्ष और समाधि योग का मतलब केवल शरीर को स्वस्थ रखना ही नहीं बल्कि सच बोलना भी एक योग है। किसी को कष्ट न देना, सात्विक भोजन करना, घर के कामों में हाथ बंटाना भी योग है। योग से ऊर्जा मिलती है। योग से शरीर के साथ मन भी शांत होता है। बीके भावना ने सभी को सहज राजयोग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन निशा साहू ने किया।

## दर्रा में भाजपा सिर्री मंडल ने मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

# डॉ. श्यामा प्रसाद राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम दर्रा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस का मंडल स्तरीय आयोजन भाजपा सिर्री मंडल द्वारा किया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात सामुदायिक भवन में सभा का आयोजन हुआ। डॉ. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को अविस्मरणीय बताया और कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 कोलकाता के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। जिनकी शहादत 23 जून 1953 को हुई। लोकेश्वर सिन्हा ने भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर भारतीय जनता पार्टी के इतिहास की बात बताई। उन्होंने मोदी के 11 साल की उपलब्धि गिनाई। त्रिलोक जैन जिला संयोजक ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक थे जिनका भाव रखते हुए भारत के अभिन्न अंग कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान का विरोध करते हुए जम्मू कश्मीर गए जहां पर तात्कालिक प्रधानमंत्री द्वारा इनको गिरफ्तार कर नजर बंद कर लिया गया। कार्यक्रम का संचालन थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल व देवेंद्र साहू ने आभार व्यक्त किया।

मौके पर लोकेश्वर सिन्हा कार्यालय प्रभारी, हरिश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सिर्री मंडल, विक्रम बंजारे, भोज साहू, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, मनीषा साहू जनपद सदस्य, सोसायटी, अध्यक्षगण हेमंत साहू, जीवन साहू, कामता प्रसाद, नरेंद्र ध्रुवंशी, अजीतगिरी गोस्वामी, खिलावन साहू, श्रीराम श्रीहोल, योगेंद्र साहू कुल्हाड़ी, शेखर साहू गातापार, ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, अकलू गंधर्व, टोके प्रसाद, नारायण साहू, हरिराम साहू, डॉ विनोद, राजेंद्र साहू, उपसरपंच लुकेश, चमन साहू, भानु शंकर साहू, चित्रसेन साहू, अश्वनी साहू, उदय कुमार, सरिता साहू, नागेश्वरी साहू, कुसुम, डिगेश्वरी, प्रतिमा, लता साहू, सरस्वती उपस्थित थे।

## निधन

### सुरेशचंद केला



**कुरुद**। शिक्षक कालोनी कुरुद निवासी सुरेशचंद केला का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे श्रीमती शकुन देवी केला के पति, मुरलीधर केला, दामोदर दास केला के भतीजे, नवल किशोर केला एवं रामकिशोर केला के भाई थे।

### कुंजबती साहू



**कुरूद**। ग्राम गोबरा निवासी कुंजबती साहू 68 वर्ष का आकस्मिक निधन 24 जून को हो गया। वे पुनारदराम साहू की पत्नी एवं रामस्वरूप साहू की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अंचल की खबरें

### योग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है



**धमतरी**। शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में योग दिवस मनाया गया। शाला प्रांगण में जनप्रतिनिधि, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि योग करके कैसे हम तन-मन को स्वस्थ रख सकते हैं। अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। डॉ नायक ने विद्यार्थियों से प्रतिदिन प्रातः या सायंकाल योगाभ्यास करने के लिए कहा। शरीर को स्वस्थ रखने प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सरपंच मनीषा मरकाम, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेश मरकाम, पूर्व उपसरपंच चंद्रकिरण नेताम, पंचगण पार्वती नागवंशी, सत्या नेताम, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके, भागीरथी, आकाश समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

■ हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में मना योग दिवस

### जीजामगांव स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



**जीजामगांव**। शासकीय प्राथमिक शाला जीजामगांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली में दाखिल बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच होरीलाल महिलांगे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओंकार साहू व पालकगण एवं शाला के शिक्षक, रसोईया, सहायिका उपस्थित थे। सरपंच श्री चंद्राकर ने नवप्रवेशी छात्रों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश प्रदान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी माताएं घर पर ही अपने बच्चों को गृह कार्य कराएं। प्रतिदिन अपने बच्चों को शाला भेजे। अनिल खुंटियारे प्रधानपाठक ने पालकों से अपील करते हुए कहा कि घर पर भी बच्चों को अध्ययन हेतु प्रेरित करें। छात्र शाला व समाज में अनुशासित रहे। पालक अपने बच्चों को पर्याप्त स्टेशनरी उपलब्ध करवाएं। इस अवसर पर ओंकार साहू, एसएमसी अध्यक्ष द्वारा बच्चों को न्योता भोज में खीर पूड़ी खिलाई गई।

### नवप्रवेशी बच्चों को खिलाई खीर पूड़ी



**नगरी**। महमल्ला माल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत गुलाल एवं पुष्पहार से हुआ। उन्हें खीर पूड़ी खिलाई गई। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा कर किया। माध्यमिक शाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांधा सरपंच रमेश मंडावी, अध्यक्षता सहदेव मरकाम तथा विशेष अतिथि महादेव मरकाम, रमेश मंडावी, छन्नूलाल नेताम, जीवनलाल विश्वकर्मा, अमृतलाल मरकाम, आनन्दराम नेताम, हरिता नेताम, सुनीता मरकाम थे। संकुल समन्वयक धनंजय साहू ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। केआर नेताम प्रपा ने प्रवेश उत्सव के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रपा लोकेश्वर ध्रुव ने किया। कविता साहू, उमेश्वरी साहू, कौशलेश सिन्हा ने भी सहयोग किया। मुख्य अतिथि रमेश मंडावी ने भी अपने विचार रखे।

### चटौद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**जीजामगांव**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चटौद सहित सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा कर पुस्तक, गणवेश का वितरण किया गया। बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया गया। सरपंच और सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गैन्दूराम ध्रुव ने सभी स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, गणमान्यजनों के लिये न्योता भोजन की व्यवस्था की। एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष व सरपंच खेमचंद साहू, सांसद प्रतिनिधि बिसेलाल साहू, पूर्व सरपंच राजेशराम साहू, सदस्य गुलाबराम साहू, टिकेश्वर साहू, अंजलि साहू, धनेश्वरी साहू, एनपीएस अध्यक्ष रूपेंद्र साहू, पालक रमेश साहू, एकनारायन साहू, भीमराज साहू, पंच ढालूराम साहू, सचिव दिनेश निषाद, एकांत साहू, राधेश्याम, सरपंच हरिशंकर साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, रमेश चन्द्राकर, प्रधानपाठक लेखनी साहू, वासन्ती देवांगन, विश्रुति व्यास, भानुराम साहू, यशोदा गिलहरे, भुनेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एसके कंवर ने किया।

### छात्रों ने संस्कृत भाषा बोलना व पढ़ना सीखा



**जीजामगांव**। संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के दो छात्राध्यापक रौनक श्रीवास्तव एवं संस्कृति साहू ने सरस्वती शिशुमंदिर चटौद में सप्त दिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला रखी। कार्यशाला में छात्रों ने संस्कृत भाषा बोलना व पढ़ना सीखा। समापन अवसर के अतिथि संस्कृत भाषा के प्रांत प्रमुख हेमन्त साहू थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत बहुत ही सरल भाषा है। भारत में सभी वेद, पुराण एवं ग्रंथ इसी भाषा में लिखा गया है। हमें अपने दैनिक जीवन में संस्कृत भाषा बोलना चाहिए।

## अंचल की खबरें

### हाईस्कूल फुसेरा में मना शाला प्रवेशोत्सव




**सिर्री।** शासकीय हाईस्कूल फुसेरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच जमुना राजेंद्र साहू, विशेष अतिथि भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष डॉ योगेंद्र साहू, पूर्व सरपंच पूजा साहू थे। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, पाठ्यपुस्तक वितरण कर नवीन सत्र के लिये शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षाविद राजेश साहू, स्थानीय प्रतिनिधि राजेन्द्र साहू , चंद्रशेखर साहू, करण बंजारे, शेषपाल वर्मा, महिला पालक समिति सोमलता साहू, प्रियंका साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला अंवरी में प्रवेश उत्सव मना



**अंवरी।** प्राथमिक शाला अंवरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही शाला प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया जिसमें जागेश्वर निर्मलकर अध्यक्ष, पार्वती निर्मलकर उपाध्यक्ष, बालाराम ध्रुव शिक्षाविद, मुन्नी बाई पाल पंचायत प्रतिनिधि बनाए गए। मौके पर देवकुमारी, नूतन साहू, पूर्णिमा, कुसुमलता, गीताबाई ध्रुव, राजेन्द्र, मनोज निर्मलकर, फलेन्द्र, मानिक, बिसाहु, संरपच हितेन्द्रनाथ मंडल, कुलंजन ठाकुर, लेखराम साहू, फलेन्द्र, भुनेश्वर साहू, रंजीत जांगड़े, परमानंद, दौवाराम, सोमनाथ, मस्तराम साहू, कैलाश सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

- शाला विकास समिति के जागेश्वर अध्यक्ष बने

### रमेश बने यादव समाज के नगर अध्यक्ष



**नगरी।** यादव समाज नगरी इकाई का नगर अध्यक्ष सर्वसम्मति से रमेश यादव को मनोनीत किया गया। यह मनोनयन सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र के अध्यक्ष नंद यादव, क्षेत्रीय वर्ग अध्यक्ष दीनदयाल यादव, सलाहकार बुधियार यादव, सचिव शैलेश यादव एवं कोषाध्यक्ष राजू यादव के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान प्रभु यादव, वीरेंद्र यादव, महेश यादव, लालू यादव, लक्ष्मीकांत यादव, बिसरू यादव, अशोक यादव, मोहन यादव, गौतम यादव चन्दू यादव, मीना बाई यादव, जुगल बाई यादव, शकुन बाई यादव सहित अन्य उपस्थित थे। सभी समाजजनों ने नव मनोनीत अध्यक्ष रमेश यादव को पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी एवं यादव समाज को सशक्त और संगठित करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

- सर्वसम्मति से हुआ मनोनयन

### नीट परीक्षा उत्तीर्ण रोमहर्ष व रोमेश का कांग्रेसियों ने किया सम्मान



**कुरूद।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान बनाने वाले उमरदा निवासी छात्र रोमहर्ष चन्द्राकर व चरमुड़िया निवासी रोमेश साहू का उनके निवास स्थान जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि होनहार छात्रों पर हमें गर्व है। आज के छात्र कल के भविष्य हैं। प्रत्येक क्षेत्र अपने आप में महत्वपूर्ण है। मेडिकल का क्षेत्र भी बहुत महत्वपूर्ण व सेवा का क्षेत्र है। इनसे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा व मार्गदर्शन मिलेगा। पार्षद मनीष साहू ने कहा कि मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। मौके पर पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेशर साहू, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य ईश्वर पटेल, गुरुदेव महिपाल, युवराज साहू, सूरजभान यादव, हुमन चन्द्राकार, दीनदयाल साहू, प्रेमलाल साहू, चैनसिंह साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा से ही समाज में आयेगा बदलाव




**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुजगहन में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, होमेश्वर साहू सरपंच, उमेश यादव, गायत्री परिवार के जिला समन्वक दिलीप नाग, पूर्व सरपंच मुरली यादव, ईश्वर सेन, प्राचार्य नवीन साहू, व्याख्याता सीएच सिन्हा, श्री कमलवंशी, श्री कौशिक, राजकुमार सिन्हा ने नवप्रवेशी छात्रों को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराया। निशुल्क पुस्तकें बांटी। सरपंच होमेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे निरंतर मेहनत और लगन से पढ़ाई करें। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी माध्यम है। शिक्षा से ही हम अपने समाज में बदलाव ला सकते हैं। शिक्षा हमारे जीवन को नई दिशा देती है।

### कंडेल स्कूल में नशामुक्त दिवस मनाया गया

**धमतरी।** माध्यमिक विद्यालय कंडेल में नशामुक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बसंत कुमार विश्नोई और रामप्रसाद साहू ने नशा पर अपने विचार प्रकट किए। प्रधानपाठक श्री बोदले ने छात्रों की रैली को झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया। छात्रों ने नशा नाश की जड़ है, का नारा लगाते हुए जागरुकता रैली निकाली। मौके पर दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की संतोषी विश्नोई, सोमनलाल, डेरहाराम, रोहित, नीलकंठ, आरपी साहू समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।



### नेत्रोत्सव पर दोबारा हुई प्राण-प्रतिष्ठा, शहर में सन 1908 से निकल रही रथयात्रा

# स्वस्थ होकर महाप्रभु ने खोली आंखें, 20 फीट ऊंचे रथ में सवार होकर आज जनकपुर जाएंगे प्रभु जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



आज रथयात्रा महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 20 फ़ीट ऊंचे सुनहरे रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे। करीब ढाई किमी की यात्रा सदर मार्ग होते हुए पूरी कर भगवान जगनाथ मौसी के घर जनकपुर में 10 दिन रुकेंगे। रथयात्रा महोत्सव के एक दिन पहले गुरुवार को महाप्रभु ने नेत्रोत्सव के साथ भक्तों को दर्शन दिए। पुजारी बालकृष्ण शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा कराई।

खास बात यह कि धमतरी में रथयात्रा महोत्सव का इतिहास 117 साल पुराना है। पहले 55 साल तक 1908 से लेकर 1963 तक बैलगाड़ी से रथयात्रा निकाली जाती थी, तब जगदीश मंदिर से रथयात्रा केवल रामबाग तक जाती और लौट आती थी तब आवागमन का साधन नहीं था। लोग पैदल ही आते और दिनभर रथयात्रा देखने के बाद देर शाम तक घर लौटते थे। वहीं रथयात्रा में प्रभु जगन्नाथ का दर्शन करने बेटियां अपने ससुराल से मायके धमतरी आती हैं। यही नहीं शहर के अलावा कुरूद, नगरी, मगरलोड से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। प्रभु जगन्नाथ स्वस्थ होकर 26 जून को गर्भगृह में वापस लौट आए। पं. बालकृष्ण शर्मा ने सुबह 11 बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कराई। हवन-पूजन हुआ। आज 27 जून को रथयात्रा निकलेगी। सुबह 5 बजे जगदीश मंदिर के पट भक्तों के लिए खोला जायेगा। दोपहर 1 बजे 56 भोग चढ़ाने के बाद भगवान की तीनों मूर्ति को रथ में बिठाकर आरती की जायेगी। फिर रथयात्रा निकलेगी। रथयात्रा शुक्रवार को दोपहर 1 बजे जगदीश मंदिर से निकलेगी, जो चमेली चौक, सदरबाजार, इतवारी बाजार, गणेश चौक, रामबाग होते जनकपुर स्थित गौशाला जाएगी। रास्तेभर करीब 700 किलो गजामूंग का प्रसाद वितरण होगा। रथयात्रा की तैयारी में मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा, जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टीगण श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल सीए, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल, विनोद अग्रवाल, रविकान्त अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छग, महेन्द्र पंडित, गोवर्धन सोनी, हरि कटारिया, राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, संजय अग्रवाल, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, कीर्ति शाह, सुल्ली गुप्ता, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश चंदवानी, अनिल अग्रवाल, तरुण अंबानी, योगेश गांधी, चिंटू गांधी, प्रदीप सोनी, सुबोध सिंह ठाकुर जुटे हैं।

## शिक्षा जीवन में विकास और आत्मनिर्भरता का आधार

- हायर सेकेंडरी स्कूल कोसमर्रा में हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान सभापति जनपद पंचायत कुरूद श्रीमती सिंधु बैस थीं। उन्होंने कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक भेंटकर, तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर नई शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकडे, प्राचार्य चैतराम साहू, सरपंच डां.कुलेश्वर साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता बीआर शांडिल्य, व्याख्याता वासुदेव कुमार सोनबेर ने अपने प्रेरक उद्बबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन में विकास और आत्मनिर्भरता का आधार है। यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चों को सशक्त नागरिक बनाने में भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर उप सरपंच हेमलाल चावरे, मनीराम साहू, जगदीश कश्यप, प्राथमिक कन्या शाला अध्यक्ष रविशंकर साहू, पंच मीना साहू, देवकुमारी मानिकपुरी, वेदप्रकाश ध्रुव, प्रमोद नेताम, टोमन साहू, ज्योति कश्यप, सरोज पारधी शिक्षक बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र कुमार गुरु, नरेश कुमार, संतोष राव जगताप, मानसिंह जांगड़े, सीमा सोनी, रविंद्र कुमार बंधे, अनिल कुमार साहू, हरिश्चंद्र सिंह नेताम, प्रमोद बैस समेत राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस, स्काउट गाइड, इको क्लब के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार गुरु एवं आभार व्यक्त बालकृष्ण साहू ने किया।

## रानी दुर्गावती को भारतीय संस्कृति की संरक्षक व बलिदान के लिए जाना जाता है : कविता

- आदिवासी गोंड़ समाज ने कलशयात्रा निकालकर मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस आदिवासी समाज लोहरसी के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर थीं। अध्यक्षता जनपद सदस्य प्रकाश पवार ने की। आदिवासी समाज ने अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं से किया। बाजे- गाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि रानी दुर्गावती मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। मुगल सेना से युद्ध करते हुए आत्मसमर्पण करने की बजाए अपने प्राणों की आहूति देनाउचित समझा। रानी दुर्गावती को बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी, तलवारबाज़ी का शौक था। उन्हें भारत के स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाना जाता है। वह अपने भारतीय संस्कृति की संरक्षक व बलिदानी महिला के रूप में जानी जाती है।

इस अवसर पर गोंड़ समाज के अध्यक्ष नरेश उईके, उपाध्यक्ष डिगेशवर सलाम, मिलेन्द कुमार नेताम, मोहन मरकाम, महिला अध्यक्ष सविता नेताम, पूर्व सरपंच मोनिका नेताम, मुकेश नेताम, पूर्व अध्यक्ष निरंजन नेताम, पूर्व सचिव रुपेश सलाम, दीपक उइके, लक्ष्मण कतलाम, हरि नेताम, रवि नेताम, प्रतिभा सलाम, हिरमिशी सलाम, गंगा नेताम, गीता नेताम, कविता नेताम सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव पर रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतलाल नाग सरपंच बिरगुड़ी थे। अध्यक्षता अकबर कश्यप उपसरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कश्यप ग्राम समिति अध्यक्ष, प्राचार्य एमएस कुरु, प्राचार्य तोरण लाल साहू बांसपानी, मोहम्मद यूसुफ मेमन, राजेश कश्यप, राधेश्याम नायक, दीपक साहू, हरिक लाल, मदनलाल सरोज, विशेश्वर यादव अमृतलाल यादव, तामेश्वर सोम, दुर्गेश समुद्र, करण सेन थे।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक एवं मिठाई खिलाकर, शाला गणवेश एवं पाठय पुस्तक का वितरण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अतिथियों ने पौधे रोपित किए। प्राचार्य एमएस कुरु ने प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि अमृतलाल नाग ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उपसरपंच अकबर कश्यप ने पालक बालक शिक्षक संबंध पर जोर देकर छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शांडिल्य, एमके मरकाम ने किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सतीश सोम, प्रधानपाठक अशोक निषाद, अंजु साहू, आसकरण साहू एवं प्राथमिक माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा राज में आम जनता तो दूर मंदिर में भगवान भी सुरक्षित नहीं : देवव्रत

- लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ युकां ने किया प्रदर्शन
- झूमाझटकी हुई, सारे कांग्रेसी मिलकर भी नहीं फूंक सके गृहमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरुद नगर सहित विधानसभा क्षेत्र में लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में कांग्रेस भवन से बैनर पोस्टर के साथ रैली निकालकर पुराना बाज़ार चौक में नुक्कड़ सभा कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर शब्दबाण छोड़े। पश्चात गृह मंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया जिसमें पुलिस बल के आगे सारे कांग्रेसी मिलकर भी पुतला दहन नहीं कर पाये जिससे युकांइयों और पुलिस कर्मियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई।

गुरुवार को कुरुद क्षेत्र में चोरी, डकैती, लूटपाट, अवैध शराब के कारोबार, जुआ सट्टा की बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। युकांध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार आई है तब से पूरे छग में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। युवा पीढ़ी ड्रग्स, अफीम, नशे की गोलिया, गांजा सहित विभिन्न प्रकार की नशीली चीजों गिरफ्त में हैं। रोज लूटपाट व चाकूबाजी हो रही है। अपराधियों पर क़ानून का ख़ौफ़ नहीं है सिर्फ़ पुलिस प्रशासन की अनदेखी और उन्हें संरक्षण देने वाले सत्ता पक्ष के बड़े नेताओं के कारण जनता में भय का माहौल है। भाजपा के राज में आम जनता तो दूर मंदिरों में भगवान तक सुरक्षित नहीं है। कुरूद ब्लॉक युकाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू ने कहा कि दो हफ्तों में धमतरी जिला सहित कुरूद विधानसभा में लगातार 5 धार्मिक मंदिरों में बड़ी-बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। थाने से महज 50 मीटर दूर कुरूद के काली माता मंदिर और नगर की आराध्य देवी माता चण्डी मंदिर में लाखों रूपए के मुकुट, रानी हार, चरणपादुका दान पेटी सहित 20 लाख के आभूषण की चोरी हुई है जिसमें अभी तक पुलिस चोर को पकड़ नहीं पाई है जिससे क्षेत्र के लाखों भक्तों की भावनाएं आहत हुई है।

इस अवसर पर तारिणी चन्द्राकर, राजकुमारी दीवान, शारदा लोकनाथ साहू, भरत नाहर, विनोद साहू, साहू, रवि शर्मा, रजत चन्द्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, विशाखा साहू, नरेंद्र सोनवानी, लिली श्रीवास, रविन्द्र साहू, पप्पू राजपूत सहित सैकड़ों युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

### बैरिकेड्स में चढ़कर की नारेबाजी

जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा आदि ने कहा कि भाजपा राज में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। हर वर्ग परेशान है। ऐसी भयावह परिस्थिति में भाजपा के डबल इंजन की सरकार में लाचार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और लाचार गृहमंत्री विजय शर्मा को अपने पद में बने रहने का अधिकार नहीं बनता है। कुरूद थाने के घेराव के दौरान आक्रोशित युवा कांग्रेसियों ने बैरिकेड्स में चढ़कर जमकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और कुरूद विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घेराव के पश्चात प्रशासन के अधिकारियों को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन दिया।

## पास कराने का झांसा देकर 12वीं के छात्रों से ठगी

- पीड़ित छात्र-छात्राओं ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बारहवीं की परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर छात्र-छात्राओं से हजारों रूपये की आनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रों ने कोतवाली पहुंचकर ठगी की शिकायत की है।

शहर व आसपास के कई छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12वीं की ओपन परीक्षा दी थी। इसी बीच अज्ञात स्कैमर ने 10 छात्र-छात्राओं को उनके वाहट्सअप पर मैसेज कर परीक्षा में पास करा देने का झांसा दिया जिसके लिये तीन हजार रूपये लगना बताया। छात्रों ने स्कैमर के झांसे में आकर फोन पे के माध्यम से 3-3 हजार रूपये भेज दिया। कुल 10 छात्र-छात्राओं से 30 हजार रूपये लिए गए। स्कैमर ने कुछ छात्र-छात्राओं को फर्जी मार्कशीट भी भेज दी जब ओपन परीक्षा का परिणाम आया तो छात्रों के होश उड़ गए। जारी परीक्षा परिणाम में कुछ छात्र पूरक आये थे वहीं कुछ छात्र फेल हो गये थे। इसके बाद छात्र-छात्राओं को ठगे जाने का अहसास हुआ। सिटी कोतवाली पहुंचकर अज्ञात ठग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये अज्ञात ठग के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

### सिवनीकला में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों ने किया योग

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के आयुर्वेद औषधालय केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य योगेश्वर साहू, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. ऋतु रात्रे, जनपद सदस्य टेकराम साहू, पंचायत सचिव वेदप्रकाश साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जितेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, सोसाइटी अध्यक्ष चंदप्रकाश साहू, बबीता साहू, किशोर साहू, खिलावन चंद्राकर डॉ. कपिलदेव पटेल, कुंजीलाल साहू, डिलेंद्र यादव, कृष्णा तारक, पंच लोमस साहू पंच, किसन पटेल पंच, इंदु आडिल, गायत्री साहू पंच, रेणुका कुर्रे पंच, कांति तारक, पूर्णिमा पिंजारा, हेमा देशलहरे, उर्मिला बेगम, मिलापा मैडम सहित अन्य ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया।






रथ यात्रा, जिसे भगवान जगन्नाथ की यात्रा के रूप में भी जाना जाता है, ओडिशा के पुरी में हर साल धूमधाम और भक्ति के साथ मनाई जाती है। इस पवित्र त्योहार का इतिहास और महत्व अत्यंत गहरा है, जो धार्मिक श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विशाल रथों पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं।पुरी में इस अवसर पर तीन भव्य रथ बनाए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदिघोष', बलभद्र का 'तालध्वज' और सुभद्रा का 'दर्पदलन' कहलाता है। लाखों की संख्या में भक्तगण इन रथों को रस्सियों से खींचते हैं और इस प्रक्रिया को अत्यंत शुभ मानते हैं। यह यात्रा मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है, जहां भगवान कुछ दिनों के लिए ठहरते हैं। रथ यात्रा का आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भक्तों के लिए भगवान के दर्शन सुलभ कराना है। यह यात्रा यह भी प्रतीक है कि भगवान अपने भक्तों के करीब आ रहे हैं, उनका स्वागत करने के लिए। इस पर्व के माध्यम से समाज में सेवा, भक्ति और एकता की भावना को भी प्रोत्साहित किया जाता है। रथ यात्रा के दौरान पुरी शहर भक्ति और उल्लास से गूंज उठता है। विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस महोत्सव में भाग लेने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी आते हैं। यह अवसर उन्हें अपनी आस्था प्रकट करने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। रथ यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। यह त्योहार सभी को एक साथ मिलकर भगवान की सेवा करने और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इसमें भाग लेने वाले श्रद्धालु बिना किसी भेदभाव के अपने धार्मिक और सामाजिक कर्तव्यों का पालन करते हैं।इस रथ यात्रा के पावन अवसर पर, हम भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। यह पर्व हमें सद्भावना, भक्ति और सेवा की सीख देता है। आइए, हम सब मिलकर इस पवित्र त्योहार का आनंद लें और भगवान जगन्नाथ के चरणों में अपनी भक्ति अर्पित करें।










